**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री नरेश चन्द्र उत्तम, मा0 सदस्य, विधान परिषद, द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-09 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 9 (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि दैवीय आपदा और जातीय हिंसा से प्रभावित प्रदेशों में निवास कर रहे उत्तर प्रदेश के नागरिकों की सहायता पर सरकार विचार करेगी? | दैवीय आपदा से प्रभावित व्यक्तियों/परिवारों को राहत सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में गृह मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-33-03/2020-एनडीएम-1, दिनांक-11-07-2023 द्वारा निर्धारित मानकों/दरों के अनुसार दैवीय आपदा की घटना से प्रभावित राज्य द्वारा ही प्रभावित व्यक्तियों/परिवारों की पहचान और प्रमाण का आधार तय कर राहत सहायता प्रदान की जाती है।<br><br>जातीय हिंसा से प्रभावित प्रदेशों में निवास कर रहे उत्तर प्रदेश के व्यक्तियों/परिवारों को प्रदेश में वापस लाये जाने के सम्बन्ध में यथोचित कार्यवाही की जाती है। |
| (ख) यदि हॉ, तो सरकार की क्या कार्य योजना है? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नही उठता। |

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री।**